कार्यालय प्रमुख अभियन्ता
(अधिष्ठान-4ख अनुभाग)
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश

पत्रांक- /ई-4ख

लखनऊ:दिनांक: जून:2024

कार्यालय-ज्ञाप

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश के अनुसचिवीय अधिष्ठान के अन्तर्गत आशुलिपिक संवर्ग में कार्यरत श्री मयंक यादव, आशुलिपिक, नलकूप खण्ड-जौनपुर द्वारा अपने माता पिता की इकलौती संतान होने एवं अपने पिता को टी0वी0, किडनी की समस्या से ग्रसित होने का उल्लेख करते हुये अपना स्थानान्तरण मुरादाबाद के निकट जनपद में किये जाने का अनुरोध किया गया है। श्री मंयक यादव, आशुलिपिक द्वारा किये गये अनुरोध पर अधीक्षण अभियन्ता, नलकूप मण्डल, वाराणसी द्वारा संस्तुति प्रदान की गयी है।

उक्त के कम में श्री मयंक यादव, आशुलिपिक, नलकूप खण्ड-जौनपुर द्वारा किये गये अनुरोध एवं अधीक्षण अभियन्ता, नलकूप मण्डल, वाराणसी द्वारा की गयी संस्तुति के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त श्री मयंक यादव, आशुलिपिक को राजकीय कार्य हेतु ड्रेनेज खण्ड-प्रथम, मेरठ में संबद्ध किये जाने के आदेश एतद्द्वारा निर्गत किये जाते हैं। श्री मयंक यादव, आशुलिपिक का वेतन अधिशासी अभियन्ता, ड्रेनेज खण्ड-प्रथम, मेरठ द्वारा उपलब्ध करायी गयी उपस्थिति के आधार पर अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड-जौनपुर द्वारा आहरित किया जायेगा।

संदीप कुमार
प्रमुख अभियन्ता(परि0 एवं नियो0)

पत्रांक-937 /ई-4ख/तदिनांक: 28/06/24

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खेल एवं युवा कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश को मा0 राज्य मंत्री जी के पत्र दिनांक-23.06.2024 के संदर्भ में अवगत कराने हेतु।
2- मुख्य अभियन्ता(नलकूप-वाराणसी/गंगा), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, वाराणसी/मेरठ।
3- अधीक्षण अभियन्ता, नलकूप मण्डल, वाराणसी/गंगा नहर संचालन मण्डल, मेरठ।
4- अधिशासी अभियन्ता, ड्रेनेज खण्ड-प्रथम, मेरठ।
5- वैयक्तिक सहायक, प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष/प्रमुख अभियन्ता(परि0 एवं नियो0), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
6- संबंधित कर्मचारी द्वारा नियंत्रक अधिकारी।
7- प्रशासनिक अधिकारी(ई-4ख)/कट फाइल।

28/6/24
(राम प्रताप सिंह)
मुख्य अभियन्ता(कार्मिक-4/6)
कृते प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0

Scanned with OKEN Scanner